# सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से टकराई बाइक, तीन की मौत

**संवाददाता—बलरामपुर।** थाना देहात के गिधरैंया गांव निकट सड़क पटरी पर खड़े ट्रैक्टर से बाइक पर सवार तीन युवक टकरा गए। तीनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर से टकराकर बाइक के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में मारे गए युवक चकवा गांव निवासी हैं। युवकों की मौत से गांव में चीख पुकार मची है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चकवा निवासी 30 वर्षीय अंकित पाण्डेय पुत्र कुन्नू पाण्डेय इकौना में संतोष शुक्ला की दुकान पर चौकीदारी करते हैं। सोमवार रात दस बजे वह गांव के ही 18 वर्षीय विश्सू पाण्डेय पुत्र दद्दन व 17 वर्षीय विजयपाल वर्मा पुत्र दयाशंकर के साथ बाइक से इकौना गए थे। कुछ घंटे बिताने के बाद वे बाइक से घर लौटने लगे। गिधरैंया गांव के निकट बांई ओर बालू भरी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी। बाइक चालक अंकित अपना नियंत्रण खो बैठे। वह ट्रैक्टर से जाकर भिड़ गए। अंकित, विश्सू व विजयपाल के सिर में गंभीर चोटें आईं। एकत्रित ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें सरकारी एंबुलेंस की मदद से मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। दुर्घटना में तीन नवजवान युवकों की मौत के बाद चकवा गांव में कोहराम मचा है। अधिकांश घर ऐसे हैं जहां मंगलवार को चूल्हा नहीं जला। लोग मृतक के घरों में जुटे रहे। अंकित के पिता कून्नू पाण्डेय कल्ला भट्ठा के निकट दुकान करते थे। अंकित की शादी हो चुकी थी। उनका डेढ़ साल का बच्चा है। माता, पिता, पत्नी बच्चे का रो—रोकर बुरा हाल है। अंकित ने घर लौटते समय पत्नी से फल लाने का वादा किया था। पत्नी उसी वादे को याद कर चीख रही है। वह रह—रहकर बेहोश हो जा रही है। माता—पिता भी पूरी तरह बदहवास हैं। विश्सू व विजय की शादी नहीं हुई थी। घर में लोगों का रो—रोकर बुरा हाल है। दोनों की मां व पिता बेहोशी की हालत में बड़बड़ाती हैं। उनका कहना है कि वे अपना जीवन कैसे व्यतीत करेंगी। थाना देहात अन्तर्गत बौद्ध परिपथ बहराइच मार्ग पर दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ा है। पिछले एक पखवारे के भीतर मार्ग दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार देर रात हुई दुर्घटना चकवा पुलिस चौकी के निकट हुई है। पुलिस कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक तरह से नहीं कर रहे। यातायात जागरूकता का कार्यक्रम महज औपचारिकता बनकर रह गया है। लोग दुर्घटनाओं में मारे जा रहे हैं।

# गेहूं के खेत में लगी आग, किसानों की फसल राख



**संवाददाता—देवरिया।** गौरीबाजार के पथरहट में मंगलवार को दोपहर में गेंहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें आधा दर्जन किसानों की पांच बीघा गेंहूं की फसल जल गई। ग्रामीणों ने अथक प्रयास से आग पर काबू पाया।

पथरहट में मंगलवार को दोपहर में गांव के किसान जगदीश सिंह के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तपती दोपहरी में आग की उठती लपटें आसपास के खेतों में खड़ी फसल को को चपेट में ले लिया। किसान जगदीश सिंह का एक बीघा, हीरा सिंह का दस कठ्ठा, ईश्वर प्रसाद का दस कठ्ठा, रामाज्ञा मोर्य का डेढ बीघा, गोपाल प्रसाद का दस कठ्ठा गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई। रामाज्ञा मोर्य की तो पूरी फसल ही जल गई। गांव के समीप फसलों में लगी आग से ग्रामीण दहशत में आ गया। बड़ी मशक्कत से ग्रमीणों ने आग पर काबू पाया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, धू-धूकर जलीं चार अस्थाई दुकानें



**संवाददाता—गोण्डा।** गोंडा—लखनऊ राजमार्ग के किनारे हुजूरपुर मोड़ के पास मंगलवार की सुबह बिजली की शार्ट सर्किट से अंडे की दुकान में आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर चार अस्थाई दुकानें जल गईं। करीब एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन केंद्र को सूचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड वाहन पहुंचने से पहले पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। मोहम्मद शाहिद की सब्जी व फल की दुकान थी जिसमें ट्रांसपोर्ट का सामान भी रखा हुआ था। वह जल गया और साथ ही में सब्जी फल लगाने वाला ठेला भी जल गया। मोतीलाल त्यागी मेहनत मजदूरी करते थे और छप्पर रखकर उसी में रात्रि निवास करते थे। उनका छप्पर व पांच हजार रुपये नकद जल गया। मुनव्वर की एक ढाबली व ठेला भी आग की भेंट चढ़ गया। नियाज अहमद की अंडे की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। अंडे की दुकान में गैस सिलिंडर भी रखा हुआ था। लोगों ने किसी तरह बांस से धकेलकर आग से अलग कर दिया नहीं तो सिलिंडर ब्लास्ट होने पर बड़ी घटना हो सकती थी। देखते—देखते चार अस्थाई दुकानें जलकर राख हो गईं। तहसीलदार मनीष कुमार का कहना है कि मौके पर लेखपाल को भेजा गया है। नुकसान का आकलन करके अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मोतीगंज कोतवाली देहात के खोरहंसा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत जमदरा भकुरहा गांव में सोमवार की देर शाम को अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें चार घर जलकर राख हो गए। चौकी प्रभारी खोरहंसा अजय तिवारी ने बताया कि खरीदू, जगनू, भगवान दास और कुसला के घरों में रखा राशन, बिस्तर व कपड़े जलकर राख हो गए साथ ही रामतीर्थ, दूधनाथ और चिरगना का एक—एक बीघे गेंहू की फसल भी जल गई। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका। लेखपाल मोहम्मद जावेद अहमद ने बताया कि रिपोर्ट बनाकर तहसील सदर भेजी जा रही है।

# अटल में मुख्य भूमिका निभाने वाले कलाकार नेहा जोशी आशुतोष कुलकर्णी ने किए रामलला का दर्शन



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर चौत्र नवरात्र प्रतिपदा नव दिनों तक चलने वाले प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के प्रथम दिन एण्डटीवी के शो अटल के लीड कलाकार नेहा जोशी और आशुतोष कुलकर्णी ने अपनी टीम के साथ किया प्रभु श्री राम दर्शन, दोनों कलाकारों ने पहली बार अयोध्या पहुंचे और दर्शन कर अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें श्री राम लाल के दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ मैं इसको शब्दों में बयां नहीं कर सकता।नेहा जोशी ऊर्फ एण्डटीवी के 'अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी ने अपने रोमांच और अनुभव के बारे में बताते हुये कहा, "राम मंदिर जाने के सिर्फ विचार ने ही मेरे मन को आभार एवं समर्पण की भावना से भर दिया था। भगवान राम का भक्त होने के नाते, अयोध्या जाने और मंदिर में दर्शन करने का मौका पाना, मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। राम लला की पावन मूर्ति के सम्मुख खड़े होना एक ऐसा अनुभव था, जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगी। आशुतोष कुलकर्णी ऊर्फ कृष्ण बिहारी वाजपेयी ने कहा, "राम नवमी पूरे देश और दुनिया भर में बेहद उत्साह एवं समर्पण के साथ मनाई जाती है। हालांकि, खासतौर से अयोध्या में राम नवमी का उत्सव का उत्साह राम मंदिर के शुभारंभ के साथ बेहद भव्य था। मैं खुद को खुशनसीब मानता हूं कि राम नवमी उत्सव से पहले मुझे राम मंदिर जाकर भगवान राम का आशीर्वाद लेने और यहां की भव्य तैयारियों को देखने का मौका मिला। यह वाकई में प्रेरणादायक और अद्भुत अनुभव था। मंदिर की निर्माण शैली देख मंत्र मुक्त हुए सभी कलाकार।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**संवाददाता—देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सोमवार को सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय लार में गंभीर खामियां मिली, जिस पर उत्तरदायित्व तय करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने का निर्देश दिया। यही नहीं उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को भी कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्यदायित्वों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कार्मिक कोताही बरतेगा तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही जनप्रतिनिधित्व अधिनियम—1951 की सुसंगत धाराओं में एफआईआर भी कराई जाएगी।

जिलाधिकारी मतदान केंद्र कंपोजिट स्कूल लार का निरीक्षण करने पहुंचे। उक्त मतदान केंद्र पर छह बूथ बनाए गए हैं। किंतु, निरीक्षण के दौरान मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं नदारद मिली। मानक के अनुसार बूथ रैंप से नहीं जुड़े थे। मतदान कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं पंखा नहीं था तथा स्कूल की फर्श भी टूटी मिली। जिस पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने इस संबन्ध में कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरभद्र मणि पाठक से जानकारी मांगी तो वे समुचित उत्तर नहीं दे सके तथा जिलाधिकारी को गलत सूचनाएं दी। जिस पर डीएम ने बीएसए को प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी अमित सिंह को भी कड़ी फटकार लगाई और उन्हें सात दिन के भीतर मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित मतदान केंद्रों से संबंधित सभी अधिकारी अपने—अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे और सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, स्वच्छ शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, पेयजल सुविधा, छायादार स्थल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मॉडल प्राथमिक विद्यालय इचौना बाजार, कन्या कंपोजिट विद्यालय हरैया लाला, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मझौलीराज, बीएन इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकर नगर, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर लार, प्राथमिक विद्यालय बौली, कन्या प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती लार, उच्च प्राथमिक विद्यालय भुड़सरी व उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतपार अमेठिया सहित एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सलेमपुर गिरीश झा, बीडीओ आनंद प्रकाश सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# उम्र अठारह पूरी है तो वोट देना बहुत जरूरी है

**संवाददाता—श्रावस्ती।** लोकसभा चुनाव में शत—प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने की मुहिम जारी है। प्रशासन की ओर से विभिन्न आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र इकौना में कई स्कूलों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। खंड शिक्षाधिकारी इकौना फूलचंद मौर्य व थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को विद्यालय परिसर से रवाना किया। प्राथमिक विद्यालय बंजरही, प्राथमिक विद्यालय गुलरिहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ पंडित, उच्च प्राथमिक विद्यालय जोरडीह, कंपोजिट विद्यालय कटरा गुलरिहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय पटेल नगर इकौना के शिक्षकों ने स्कूली बच्चों के साथ रैली में शामिल होकर लोगों को जागरूक किया। रैली मुख्य मार्गो के साथ ही गांव में गली गली जाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। एबीएसए फूल चंद्र मौर्य ने कहा कि सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करें, फिर जलपान करे।

# मवेशी के वध से नाराजगी, लोगों ने बाजार बंद कर किया प्रदर्शन



**संवाददाता—बहराइच।** जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के बदरौली गांव में मंगलवार को एक मवेशी का किसी ने वध कर दिया। इससे लोगों में नाराजगी फैल गई। लोगों ने दुकान बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पाकर एसडीएम, सीओ और कोतवाल पहुंच गए। जिनसे हिंदू संगठन के लोगों से वाद—विवाद हुआ। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदरौली बाजार से 200 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में प्रतिबंधित मवेशी का वध कर दिया गया। इसकी जानकारी होने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि कोतवाली के एक उप निरीक्षक ने साक्ष्य छिपाने का आरोप लगाया। इसके बाद सभी बाजार बंद कर नारेबाजी शुरू कर दी गई। दुकान बंद कर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए। सीओ रूपेंद्र गौड़ मौके पर गए लेकिन कुछ देर बाद वह वापस चले गए। इससे आमलोग और नाराज हो गए। हिंदू संगठन के श्रवण सिंह बिसेन, अमर शुक्ला, मरकंडेश्वर शुक्ला, धीरेंद्र सिंह गोलू, हनुमान पाठक, रुद्रांश सिंह प्रिंस, शेखर सिंह, अंश सिंह, किशन सिंह, शिवम सिंह, आनंद गौड, ललित यादव की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी होने पर एसडीएम पंकज दीक्षित, सीओ रूपेंद्र गौड़, कोतवाल राजनाथ सिंह हेलमेट लगाकर पहुंचे।

# जन्मोत्सव पर श्री राम कथा चित्त को निर्मल कर देती है -देवेंद्र प्रसादाचार्य



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। श्रीराम लला के जन्मोत्सव पर चक्रवर्ती सम्राट दशरथ जी के राजमहल में बड़ा स्थान में बिंदुगाद्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य महाराज के सानिध्य नौ दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ। कथा के प्रथम दिवस की बेला में व्यासपीठ से श्री राम कथा के सरस प्रवक्ता महंत डॉ रामानंद दास महाराज ने प्रभु श्री राम के नाम की महिमा और उनके चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम जी का चरित्र ,जीवन में संयम से प्रारंभ होता है और समाज में संयम धारण करने का संदेश देता है और प्रभु के श्री श्री राम जप से ही मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है और प्रभु के धाम में उनकी शरणागति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि त्याग तपस्या वैराग्य की शिक्षा लेनी है तो श्री राम कथा का श्रवण करना होगा।

कथा के शुभारंभ में स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य महाराज ने आरती उतारी और कहां कि प्रभु श्री राम की लीला श्रवण से ही मनुष्य ही नहीं चराचर ब्रह्म में विराजमान सभी लोग मुक्त हो जाते हैं और कथा उनके चित्त को निर्मल कर देती है इसलिए भगवान के जन्मोत्सव पर तो उनके लीलाओं का गुणगान अवश्य ही सभी को कथा में सुननी चाहिए जिससे उसका जीवन धन्य हो जाए। इस अवसर पर कथा श्रवण के लिए पधारे सभी संतो महंतों अतिथियों का श्री महाराज जी के कृपा पात्र शिष्य मंगल पीठाधीश्वर महंत कृपालु राम भूषण दास ने स्वागत किया। श्री राम कथा के विश्राम बेला पर रामायण जी की आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जन्मेजय शरण, जगतगुरु स्वामी रत्नेशप्रपन्नाचार्य नंद कुमार मिश्रा प्रेरणा महाराज, महंत रामानी रामशरण दास सहित कई विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नंदकुमार मिश्र पेड़ा महाराज,संत दास सहित सैकड़ों संत महंत उपस्थित रहे।

# पहले दिन हुई मां के शैलपुत्री की पूजा, घरों को कलश स्थापित कर व्रत शुरू

**संवाददाता—श्रावस्ती।** बासंतीय नवरात्र का शुभारंभ मंगलवार से हो गया। देवी मंदिरों में सुबह से पूजा पाठ शुरू हो गया है। वहीं घरों में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक व्रत उपवास शुरू हो गया है।

बासंतीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई। पहले दिन भिनगा के काली माता मंदिर, सर्वामाई मंदिर व समय माता मंदिर में पूजा पाठ शुरू हो गया। नौ दिनों तक चलने वाले विशेष पूजा पाठ के पहले दिन मंदिरों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। इसी तरह से इकौना के शीतला माता मंदिर व बेचूबाबा मोहल्ले में स्थित दुर्गा मंदिर में भी विशेष पूजा पाठ शुरू हो गयी है। मंदिरों में सुबह लोगों की भीड़ जुटी। मंगलवार को सुबह घरों में मंगल कलश स्थापित करके पूजा पाठ शुरू कर दी गई। श्रद्धालु नौ दिनों तक पूजा पाठ व व्रत उपवास करेंगे। इसके साथ ही नवमी को पूर्णाहुति करके व्रत का समापन होगा। नवरात्र में देवी मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, दुर्गा चालीसा पाठ व अन्य धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। कहीं देवी भागवत का पाठ किया जा रहा है तो कहीं पर कथा प्रवचन किया जा रहा है। पंडित संतोष पाठक ने बताया कि शैलपुत्री माता पार्वती का एक नाम है। इस दिन कठिन व्रत का संकल्प लिया जाता है। माता शैलपुत्री ने कठोर व्रत करके भगवान शंकर को प्राप्त किया था।

# मां सरयू के तट पर स्थित सियाराम किला सहित नवाह पारायण से गुंजायमान हुई श्रीरामनगरी

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। त्याग तपस्या और वैराग्य की नगरी अयोध्या में प्रतिदिन त्यौहार जैसा माहौल रहता है और हजारों यात्री अयोध्या में मां सरयू में स्नान और दर्शन पूजन करते हैं लेकिन प्रभु श्री राम लला के जन्मोत्सव पर इसका रंग और ही चटक दिखाई देने लगता है और जहां चौत्र नवरात्र के पहले दिन से ही अयोध्या में श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी है वही अयोध्या के सभी मंदिरों से सुबह से ही नवाह परायण के सस्वर पाठ से अयोध्या गुंजायमान उठी। इस अनुपम आनंद का रसपान करने के लिए देश के कोने—कोने भक्त अयोध्या पहुंच रहे है।अयोध्या के पश्चिम में मां सरयू के तट पर स्थित सिद्ध पीठ सियाराम किला झुनकी घाट के युगल सरकार की मनोहारी दृश्य अंतर्मन को मंत्रमुग्ध कर देती है और ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे युगल सरकार मां सरयू को और मां सरयू युगल सरकार को एकटक निहार रहे है ऐसी अनुपम




स्थिति अयोध्या में और कहीं दिखाई नहीं देती है जिसकी स्थापना अनंत विभूषित श्री जानकी शरण जी महाराज झुनझुनिया बाबा ने की थी और ऐसा माना जाता है कि श्री महाराज जी को युगल सरकार की अलौकिक कृपा प्राप्त थी। मंदिर परिसर में निरंतर श्री सीताराम नाम संकीर्तन गुंजायमान होता रहता है लेकिन प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर तो यहां की निराली अलौकिक और अद्भुत छटा देखते ही बनती है।

वर्तमान पीठाधीश्वर महंत करुणानिधान शरण महाराज ने बताया की भगवान श्री राम लला का जन्मोत्सव अयोध्या का प्रमुख उत्सव है और अयोध्या के सभी मंदिरों में यह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि सियाराम किला झुनकी घाट में नवरात्र प्रतिपदा के प्रथम दिन से 9 दिन का उत्सव प्रारंभ हो गया है जिसमें नित्य युगल सरकार को नूतन वस्त्र धारण कराया जाता है अभिषेक और पूजा पाठ होता है और ठाकुर जी को नवाह परायण का पाठ आचार्य वैदिक विद्वानों द्वारा सुनाया जाता है चौत शुक्ल पक्ष की नवम तिथि को जिस दिन भगवान का प्रादुर्भाव अयोध्या की धरती पर हुआ था उस दिन परिसर में विशेष उत्सव मनाया जाता है 9 दिन तक बधाई गान होता है और सभी भक्तों में प्रसाद वितरण किया जाता है। भगवान के जन्मोत्सव पर 16 और 17 अप्रैल को श्री राम और श्रीमद् भागवत कथा के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रवक्ता और मंदिर के अधिकारी स्वामी श्री प्रभंजनानंद शरण महाराज की कथा भव्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के संत प्रहलाद दास सहित सभी लोग जन्मोत्सव की तैयारी में जुटे हुए है।

# 1.17 लाख बुजुर्गो के खातों में भेजे जाएंगे 35.56 करोड़

**संवाददाता—गोंडा।** पेंशन के लिए इंतजार कर रहे पात्र बुजुर्गों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जल्द ही पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि पहुंच जाएगी। चौथी किस्त के लिए 117158 पात्रों को चिन्हित करने के बाद में रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके तहत 35 करोड़ 56 लाख 68 हजार रुपये की धनराशि पात्रों के खाते में स्थानांतरित की जाएगी। नगरीय क्षेत्र के 1752 वृद्धावस्था पेंशनधारकों के खाते में 53.54 लाख रुपये की धनराशि ट्रांसफर करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिले के सभी विकास खंडों के वृद्धावस्था पेंशन धारकों के खाते में जल्द ही धनराशि भेजने के लिए विभाग की तरफ से कार्रवाई तेज कर दी गई है। इस बार 117158 पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि भेजी जाएगी। इसमें बभनजोत के 7455 पात्रों को 2.25 करोड़ रुपये, बेलसर के 9011 पात्रों को 2.74 करोड़ रुपये, छपिया के 5855 पात्रों को 1.78 करोड़ , करनैलगंज के 9141 पात्रों को 2.7 करोड़, हलधरमऊ के 6929 पात्रों को 2.09 करोड़ रुपये पेंशन के तौर दिए जाएंगे। वहीं, इटियाथोक के 5752 पात्रों को 1.81 करोड़, झंझरी के 6870 पात्रों को 2.08 करोड़, कटरा बाजार के 9110 पात्रों को 2.77 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। मनकापुर के 6679 पेंशन धारकों को 2.01 करोड़, मुजेहना के 6218 पात्रों को 1.89 करोड़, नवाबगंज के 5975 पात्रों को 1.80 करोड़, पड़रीकृपाल के 2841 पेंशनधारकों को 8.60 करोड़, परसपुर के 9829 पेंशन धारकों को 2.97 करोड़, रुपईडीह के 8188 पात्रों को 2.47 करोड़, तरबगंज 9150 पात्रों को 2.76 करोड़, वजीरगंज के 8145 पात्रों को 2.46 करोड़ धनराशि भेजने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नगर पंचायत के पात्रों को मिलेगी धनराशिरू नगर पालिका करनैलगंज के 387 पात्रों को 11 लाख 50 हजार रुपये, गोंडा के 742 पात्रों को 22 लाख 67 हजार रुपये, कटरा बाजार के 178 पात्रों को पांच लाख 87 हजार रुपये, खरगूपुर 151 पात्रों को 4.53 लाख रुपये, मनकापुर के 128 पात्रों को 3.84 लाख, नवाबगंज के 166 पात्रों को 5.13 लाख रुपये खाते में भेजे जाएंगे। राजेश चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि नियमानुसार पेंशन की धनराशि खातों में भेजी जाएगी। शासन की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे इसके लिए बराबर प्रयास किया जा रहा है।

# भारत- नेपाल सीमा पर इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर होगी कड़ी निगरानी



**संवाददाता—बलरामपुर।** भारत— नेपाल सीमा पर लोकसभा चुनाव और शक्तिपीठ देवीपाटन मेल को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। देवीपाटन मेले में देश—विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। डीएम ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए दो एसडीएम की ड्यूटी लगाई है। जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों का दायित्व निर्धारित किया है। लापरवाही पर पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

डीएम बलरामपुर ने आज से शुरू हुये चैत्र नवरात्रि एवं शक्तिपीठ देवीपाटन मेला तुलसीपुर को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विशेष प्रबन्ध किये गये हैं। ऐसा पहली बार है। जब संयुक्त प्रान्त मेला अधिनियम के तहत कानूनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए डीएम ने विभिन्न विभागों को सांविधिक आदेश जारी किया है। पहली बार मेले के सफल आयोजन के लिए दो एसडीएम की तैनाती शासन से की गई है। मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पुलिस बल का व्यवहार मधुर, कुशल, सौहार्दपूर्ण एवं संवेदनशील रहे इसका सांविधिक आदेश डीएम ने जारी किया है। इसके साथ मित्र देश नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत एसएसबी, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और अभिसूचना इकाई को पूरी सक्रियता के साथ गोपनीय सूचनाएं संकलित कर समय से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए हैं। भारत— नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए वन विभाग, एसएसबी, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों तथा अभिसूचना इकाई को आदेश दिए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने प्रभागीय वनाधिकारी सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग बलरामपुर तथा राम लला मन्दिर से मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ बलरामपुर और यहां से राम लला मन्दिर अयोध्या को जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग गोण्डा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए कानूनी शक्तियों के तहत मेले में आने वाले श्रद्धालुओं पर किसी भी वन्य जीव हमला न होने पावे इसके लिए सख्त आदेश दिए हैं।

मेले में साफ—सफाई की जिम्मेदारी डीपीआरओ और ईओ तुलसीपुर का दायित्व तय किया गया है। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए रेल विभाग को भी जिला मजिस्ट्रेट ने संयुक्त प्रान्त मेला अधिनियम के तहत आदेश जारी कर निर्देशित किया है। स्टेशन पर रेल से आने वाले श्रद्धालुओ को स्टेशन पर शौचालय, शुद्ध पेयजल तथा साफ—सफाई तथा सुरक्षित आवागमन का प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बलरामपुर प्रतिदिन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम जनमानस के आवागमन का मूल्यांकन करेंगे। बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं द्वारा आवागमन के लिए ट्रैक्टर—ट्राली का प्रयोग किया जाता है। जिससे उनकी सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगता है। इसके लिए पुलिस और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को लगाया गया है।

# मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची न भेजने पर डीजी खफा

**संवाददाता—गोंडा।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जिले में मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची न भेजने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी करते हुए 15 वर्षों से जिले में मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची मांगी थी। एक माह बाद भी जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। पत्र के मुताबिक बीते 15 वर्षों में कुल कितने विद्यालयों को मान्यता दी गई है। मान्यता प्राप्त पोर्टलध्पत्रावली एक्सएल शीट पर कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा है। बीएसए प्रेम चंद यादव ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा 15 वर्षों में दिए गए मान्यता प्राप्त विद्यालय की सूची मांगी।

# मंगलवार को भी हड़ताल पर रहे वकील

**संवाददाता—गोंडा।** मुंसिफ कोर्ट के स्थानांतरण व वकीलों पर दर्ज मुकदमे के विरोध में मंगलवार को भी हड़ताल जारी रही। आंदोलनकारी वकीलों ने कलेक्ट्रेट से सिविल कोर्ट के परिसर में जूलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया और सभा की। साथ ही पूर्ववत हड़ताल जारी रखने की घोषणा की।

मंगलवार को संयुक्त संघों के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी व संगमलाल दूबे के नेतृत्व में वकीलों ने कलेक्ट्रेट से निकाला। इसके बाद जुलूस निकालकर सिविल कोर्ट पहुंचे और वहां पर जमकर नारेबाजी किया। वकीलों ने कहा यदि ग्राम न्यायालय के मुद्दे पर समाधान और उनके साथियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस नहीं हुए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वकीलों की हड़ताल से कामकाज ग्यारहवें दिन भी ठप रहा। वादकारियों को मायूस होकर घर वापस जाना पड़ा। इस मौके पर चन्द्र मणि तिवारी, दिनेश नारायण पाण्डेय, विनय कुमार मिश्रा,अश्वनी कुमार मिश्रा, विपिन कुमार शुक्ला, मनोज मौर्य,शेष नारायण मौर्य, हरिओम पांडेय,अजय तिवारी, गौरीशंकर चतुर्वेदी, रितेश यादव,राम बुझारथ दूबे , प्रमोद चौबे अवधेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

